अभ्यास
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

चतुर्थ बैठक
दिनांक – 17.07.2018

आज दिनांक 17.07.2018 को अपराह्न 3 बजे प्राध्यापक कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में सत्र 2018-19 की IQAC की प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसकी कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है :—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए एक बार पुनः IQAC की शिक्षा गुणवत्ता में भूमिका एवं कार्यप्रणाली की विस्तार से चर्चा की। संयोजक डॉ. यू. के. पाण्डेय ने बैठक के एजेंडे के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी।

2. समिति ने सर्वप्रथम पूर्व में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की और पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

3. समिति ने शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार समस्त गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया। इसके तहत छात्रसंघ गठन, यूनिट एवं सत्र परीक्षायें, खेलकूद की गतिविधियाँ आदि पठन-पाठन के साथ समय पर संपन्न हो सकें।

4. समिति ने कक्षाओं के बेहतर संचालन को बढ़ावा देने, छात्र-छात्राओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने, शिक्षकों के लिए शैक्षणिक डायरी का विधिवत संधारण करने और वर्ष भर शैक्षणेत्तर गतिविधियों को संचालित करने और इसमें विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया। विद्यार्थियों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए छात्रों के अभिभावकों की बैठक बुलाने का भी निर्णय लिया गया। समिति ने नवाचार के तहत शिक्षकों को मल्टीमीडिया के माध्यम से अध्यापन करने पर जोर दिया।

5. समिति ने स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिकतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया और CBCS पाठ्यक्रम के तहत नियमित रूप से सेमीनार, लेक्चर, वाह्य Experts के व्याख्यान, असाइनमेंट आदि निर्धारित समय पर पूर्ण करने पर बल दिया।

6. समिति ने लाइब्रेरी के ऑटोमेशन की जानकारी ली और उसके लिए शीघ्र प्रयास करने पर सहमति जताई साथ ही समिति ने N-List की सदस्यता हेतु शीघ्र प्रयास करने की आवश्यकता बताई जिससे विद्यार्थियों को अधिकतम ज्ञान के संसाधन सुनिश्चित हो सकें।

7. समिति ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के एक दिवसीय ओरिएन्टेशन प्रोग्राम की आवश्यकता पर विचार किया और इसे कार्यान्वित करने का निर्णय लिया जिससे महाविद्यालय में बेहतर अकादमिक माहौल बन सके।

8. समिति ने महाविद्यालय के NAAC से मूल्यांकन को गति प्रदान करने का संकल्प दोहराया और SSR बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन एवं कार्यविभाजन पर बल दिया जिससे शीघ्र महाविद्यालय नैक प्रत्यायन करा सके।

9. समिति ने महाविद्यालय में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए 15 Aug के पूर्व वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया एवं महाविद्यालय की स्वच्छता हेतु शिक्षक-छात्र भागीदारी के तहत नियमित रूप से परिसर की साफ-सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया।

10. समिति ने सामाजिक दायित्व के तहत NSS एवं NCC की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने, छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और इनके माध्यम से सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम को चलाने का निर्णय लिया।

11. समिति ने महाविद्यालय के विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों की बैठक नियमित अंतराल पर आयोजित करने का निर्णय लिया। इसके लिए शनिवार का दिन चिन्हित किया गया।

12. समिति ने कॉलेज में बेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए हर्बल गार्डन की स्थापना का निर्णय लिया। इसी प्रकार महाविद्यालय में नवनिर्मित कैंटीन भवन को महिला स्व सहायता समूह को देने पर विचार किया गया। महाविद्यालय की कैंटीन को नियमित रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया।

13. महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों के लिए I-card बनवाने का निर्णय लिया गया और विद्यार्थियों की वेशभूषा गत वर्ष की भाँति जारी रखने का निर्णय लिया गया।

14. महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ के बीच कम्प्यूटर साक्षरता को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया।

15. साहित्यिक - सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रति शनिवार कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

16. समिति ने महाविद्यालय में आधारभूत संसाधन को बढ़ावा देने के लिए और विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक से जोड़ने के लिए इंटरनेट युक्त कम्प्यूटर लैब, प्रत्येक विभाग में कम्प्यूटर, फोटोकॉपी मशीन, 10 नग प्रोजेक्टर, पी.जी. एवं स्नातक कक्षाओं के लिए अतिरिक्त पुस्तकों हेतु आबंटन, प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु पुस्तकों का क्रय एवं महिला स्टाफ शौचालय, रैम्प निर्माण के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया।

17. समिति की सदस्य श्रीमती के. तनुजा एवं श्रीमती अर्चना गुप्ता ने छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सेनेटरी वेंडिंग मशीन महाविद्यालय में लगाये जाने की आवश्यकता बताई। इसके लिए उपयुक्त कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

18. समिति ने महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाने का निर्णय लिया। इसी प्रकार NAAC प्रत्यायन में आने वाले शुल्क को शासन स्तर से आवंटन के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया।

उपरोक्त प्रस्तावों, कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन और महाविद्यालय में पठन-पाठन का उत्कृष्ट माहौल और बेहतर अनुशासन के साथ शिक्षा देने के संकल्प के साथ मीटिंग का समापन हुआ।

IQAC की इस चतुर्थ बैठक निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे —

1. श्री एच. के. सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र
2. श्रीमती अर्चना गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान
3. डॉ. एस.एन साहू, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र
4. श्री कुणाल सोनी, प्रयोगशाला तकनीशियन
5. श्री जी.पी. कोरी, लेखापाल (कार्यालयीन सदस्य)
6. श्रीमती के. तनुजा, ग्रंथपाल, विशेष आमंत्रित सदस्य

17.07.18

डॉ. यू. के. पाण्डेय
संयोजक
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Government College Balrampur
AISHE C-9750
Dist. Balrampur (C.G)

श्री एन. के. देवांगन
प्रभारी प्राचार्य / अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

## पाँचवीं बैठक

दिनांक – 6.10.2018

आज दिनांक 06.10.2018 को IQAC की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में अपराह्न 3:00 बजे से आयोजित की गई। बैठक की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है :—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यवाही की शुरुआत की गई। समिति के संयोजक डॉ. यू. के. पाण्डेय ने बैठक के एजेण्डे की बिन्दुवार जानकारी दी।

2. सर्वप्रथम पूर्व की बैठक में लिए गये निर्णयों की समीक्षा की गई और अधूरे कार्यों / गतिविधियों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

3. महाविद्यालय में 9 एवं 10 अक्टूबर 18 को आयोजित होने वाली सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के बेहतर आयोजन का निर्णय लिया गया। खेलकूद प्रभारी श्री एन. के. सिंह को आयोजन का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

4. महाविद्यालय के लेखों के ऑडिट का निर्णय लिया गया और इसके लिए दिसंबर तक Account Audit पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया।

5. विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था को और अधिक सुविधापूर्ण बनाने के लिए समिति द्वारा नए फर्नीचर्स की खरीदी करने का निर्णय लिया गया।

6. विगत दिनों राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयंती का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर वर्षभर गाँधी जी की विचारधारा, चिंतन, कार्यों और मूल्यों पर कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया।

7. पुस्तकालय में Student Visiting Register की तर्ज पर Faculty Visiting Register बनाने का निर्णय लिया गया साथ ही इस बात पर भी सदस्यों ने सहमति जताई कि संदर्भ पुस्तकों की सूची अलग से बनायी जाये।

8. आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए SVEEP की गतिविधियाँ बढ़ाने का निर्णय लिया गया। NCC एवं NSS के माध्यम से मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों में गति लाने का निर्णय हुआ।

9. कैंपस की नियमित साफ- सफाई को जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। इसके लिए छात्र- छात्राओं के साथ- साथ प्राध्यापकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

10. सड़क दुर्घटनाओं की अधिकता को देखते हुए छात्र- छात्राओं के लिए यातायात पुलिस के माध्यम से यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया साथ ही इस संबंध में महाविद्यालय स्तर पर भी एक कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी।

11. विद्यार्थियों को भविष्य के कैरियर विकल्पों का चुनाव करने में मदद करने के लिए कैरियर गाइडेंस सेल का नियमित गतिविधियाँ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग करने पर भी सहमति बनी। इसके लिए शनिवार का दिन निर्धारित किया गया।

12. छात्र- छात्राओं को जागरूक करने के लिए और उनमें सूचना- प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए E-मेल बनाने की एक कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए महाविद्यालय की कम्प्यूटर साइंस की फैकल्टी श्रीमती मौसम ज्योतिष को प्रभारी नियुक्त किया गया।

13. इस वर्ष प्रारंभ किये गये दो नये कोर्स B.Sc. (Computer Sc.) एवं B.A. (History) के विधिवत संचालन का निर्णय लिया गया और उनकी मान्यता के लिए विश्वविद्यालय से सतत् पत्राचार करने पर सहमति बनी।

बैठक के अंत में समिति के संयोजक डॉ. यू. के. पाण्डेय के आभार ज्ञापन के साथ ही बैठक का समापन हुआ।

आज की बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे :—

1. श्री एन. के. सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान
2. श्रीमती अर्चना गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान
3. डॉ. एस. एन. साहू, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र
4. श्रीमती के. तनुजा, ग्रंथपाल, विशेष आमंत्रित सदस्य
5. श्री कुणाल सोनी, कार्यालयीन सदस्य
6. श्री जी. पी. कोरी, कार्यालयीन सदस्य

06.10.18

डॉ. यू. के. पाण्डेय
संयोजक - IQAC

Government College Balrampur
AISHE C-9750
Dist.-Balrampur (C.G.)

श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

छठवीं बैठक

दिनांक – 09.01.2019

आज दिनांक 09 जनवरी 2019 को IQAC की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में अपरान्ह 3:30 बजे से आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया और तदानुसार निर्णय लिये गये :—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यवाही की शुरुआत की गई। समिति के को आर्डिनेटर डॉ॰ उमेश कुमार पाण्डेय ने आज की बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत की।

2. कार्यवाही के प्रथम क्रम में पूर्व में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की गई और अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने पर बल दिया गया, जिससे समय सीमा में सभी कार्य संपन्न हो सकें।

3. समिति ने अकादमिक ऑडिट कराने का निर्णय लिया और पाठ्यक्रम पूर्णता की वर्तमान स्थिति और विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया। इसके लिए श्री एन. के. सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया।

4. समिति ने महाविद्यालय के प्रस्तावित वार्षिकोत्सव की रूपरेखा तय की और वार्षिक खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के शीघ्र आयोजन का निर्णय लिया। समाज में वृद्धजनों के सम्मान का संदेश देने के लिए समिति ने नगर के वरिष्ठतम नागरिकों को चयनित कर वार्षिकोत्सव समारोह "लोकरंग-2019" का मुख्य अतिथि बनाने का निर्णय लिया।

5. समिति ने विद्यार्थियों के फीडबैक लेने के लिए श्री विनीत कुमार गुप्त, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान को प्रभारी नियुक्त किया। फीडबैक के विश्लेषण के आधार पर पठन-पाठन में आवश्यक सुधार करने का भी निर्णय लिया गया।

6. महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में प्रायोगिक कार्यों को वरीयत: कराने का निर्णय लिया गया। विधानसभा चुनाव के कारण प्रायोगिक कार्य में आई कमी को अतिरिक्त कक्षायें लगाकर पूर्ण करने का संकल्प/निर्णय लिया गया।

7. समिति ने प्री. यूनिवर्सिटी एक्जाम कराने पर सहमति जताई और उसके लिए शीघ्र परीक्षा कार्यक्रम जारी करने का निर्णय लिया गया।

8. महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'विहान' के प्रकाशन के लिए रचनायें आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक भी अपनी रचनायें देकर प्रकाशन में सहयोग करेंगे। रचनाओं के साथ मौलिकता का प्रमाणपत्र भी लिया जायेगा।

9. समिति ने प्रस्तावित जिला युवा संसद कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन का निर्णय लिया। महाविद्यालय में सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागी भाग लेंगे इस परिप्रेक्ष्य में प्रतियोगिता के मानदण्डों के अनुरूप ज्यूरी बनाने का निर्णय लिया गया।

10. आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए NSS/NCC के सहयोग से SVEEP की गतिविधियाँ आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

11. महाविद्यालय में कम्प्यूटर की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त कम्प्यूटर की खरीदारी करने का निर्णय लिया गया।

12. एम. एससी. रसायनशास्त्र के छात्र/छात्राओं को फील्डवर्क हेतु भेजने का निर्णय लिया गया। इसके लिए कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र का सहयोग लेने पर सहमति बनी। कृषि विभाग के सहयोग से द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में एक सप्ताह प्रायोगिक कार्य करेंगे।

बैठक के अंत में समिति के संयोजक डॉ. यू. के. पाण्डेय के आभार प्रदर्शन के साथ ही बैठक समाप्त हुई। आज की IQAC की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे :—

1. श्री एन. के. सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान
2. डॉ. अर्चना गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान
3. डॉ. एस. एन. साहू, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र
4. श्रीमती के. तनुजा, ग्रंथपाल, विशेष आमंत्रित सदस्य
5. श्री कुणाल सोनी, कार्यालयीन सदस्य
6. श्री जी. पी. कोरी, कार्यालयीन सदस्य

09.01.19
डॉ. यू. के. पाण्डेय
संयोजक

Government College Balrampur
AISHE C-9750
Dist.-Balrampur (C.G.)

श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

सातवीं बैठक

दिनांक – 08.04.2019

आज दिनांक 08.04.2019 को IQAC की सातवीं बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में अपराह्न 3:30 बजे से आयोजित की गई। आज की बैठक की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है:—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यवाही की शुरुआत की गई। संयोजक डॉ०यू०के० पाण्डेय ने सदस्यों को बैठक के एजेण्डे की बिन्दुवार जानकारी दी।

2. समिति ने प्रथमतः पूर्व प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

3. समिति ने वर्तमान में जारी वार्षिक परीक्षाओं के विधिवत संचालन का निर्णय लिया और गत वर्ष की भाँति परीक्षाओं की शुचिता को बनाये रखने के लिए आंतरिक उड़नदस्ता/ निरीक्षण दल के गठन का निर्णय लिया।

4. समिति ने महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय की वेबसाइट को अपडेट कराने का निर्णय लिया। महाविद्यालय से संबंधित समस्त अद्यतन सूचनायें वेबसाइट में अपडेट की जायेंगी।

5. समिति ने विश्वविद्यालय द्वारा भेजी जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं के समय बद्ध मूल्यांकन का निर्णय लिया। इससे विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम समय पर जारी हो सकेंगे।

6. महाविद्यालय की प्रवेश विवरणिका को अपडेट करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए डॉ॰ उमेश कुमार पाण्डेय को प्रभारी नियुक्त किया गया।

7. महाविद्यालय में सुविधायें बढ़ाने के लिए और विद्यार्थियों के क्षमता उन्नयन के दृष्टिकोण से विभिन्न संस्थाओं से MOU करने का निर्णय लिया गया। इसके प्रथम चरण में निम्न संस्थाओं से पत्राचार किया जायेगा :—

(i) रेडियो सावन, सामुदायिक रेडियो केन्द्र, बलरामपुर।
(ii) कृषि विज्ञान केन्द्र, बलरामपुर।
(iii) लाइवलीहुड कॉलेज, बलरामपुर।
(iv) कृषि विभाग, बलरामपुर।
(v) शासकीय व्यावसायिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज।
(vi) शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रामानुजगंज।

8. विद्यार्थियों को प्रवेश में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रवेश के दौरान एक सुविधा प्रकोष्ठ के गठन का निर्णय लिया गया।

9. आगामी 21 जून को महाविद्यालय में ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। NSS/NCC के माध्यम से योग के संबंध में छात्र/छात्राओं को जागरूक करने का भी निर्णय लिया गया।

10. महाविद्यालय के नैक से प्रत्यायन के कार्य की समीक्षा की गई और आगामी जुलाई-अगस्त में IIQA दाखिल करने का निर्णय लिया गया।

11. महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर नये पाठ्यक्रम खोलने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव भेजने पर सहमति व्यक्त की गई।

12. महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण के लिए भी प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।

13. NSS स्वर्ण जयंती वर्ष के दृष्टिगत महाविद्यालय परिसर में NSS स्वर्ण जयंती फलोद्यान विकसित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक का समापन समिति के संयोजक डॉ॰ यू॰ के॰ पाण्डेय के आभार ज्ञापन के साथ हुआ। आज की बैठक में निम्न सदस्यों ने भाग लिया :—

1. श्री एन॰ के॰ सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान
2. श्रीमती अर्चना गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान
3. डॉ॰ एस॰ एन॰ साहू, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र
4. श्रीमती के॰ तनुजा, ग्रंथपाल, विशेष आमंत्रित सदस्य
5. श्री कुणाल सोनी, कार्यालयीन सदस्य
6. श्री जी॰ पी॰ कोरी, कार्यालयीन सदस्य

08/06/19
डॉ॰ यू॰ के॰ पाण्डेय
संयोजक, IQAC

Government College Balrampur
AISHE
C-9750
Dist.-Balrampur (C.G.)

श्री एन॰ के॰ देवांगन
प्राचार्य/चेयरमैन
IQAC

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)